

# ब्रह्माकुमार बीरेन्द्र भाई

मुख्यालय संयोजक, समाज सेवा प्रभाग, (RERF)

## संक्षिप्त परिचय :

ब्रह्माकुमार बीरेन्द्र भाई, ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान में वर्ष 1996 से राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कर रहे हैं। आप ब्रह्माकुमारीज़ के आबू दर्शन कार्यालय, शान्तिवन, आबू रोड में वर्ष 1999 से समर्पित रूप से विभाग प्रभारी के तौर पर अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। ब्रह्माकुमारीज़ की भगिनी संस्था राजयोग शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान के समाज सेवा प्रभाग की हर सेवाओं में आपकी सक्रिय भूमिका बनी रहती है। समाज सेवा प्रभाग के लिए आपकी सेवा एवं सक्रियता को देखते हुए 01 अगस्त, 2022 को आपको समाज सेवा प्रभाग के मुख्यालय संयोजक का कार्यभार सौंपा गया।

## संक्षिप्त लौकिक परिचय :

आपका जन्म वर्ष 1973 में नेपाल के सुनसरी जिले के ईनरूवा शहर में हुआ। आपने अपनी शिक्षा ईनरूवा में ही सम्पन्न की तथा साथ ही आपने अपने पिता के साथ उनके व्यापार में हाथ बँटाने लगे। आपके परिवार के सभी सदस्यों के विचार शुरू से ही धार्मिक रहे हैं तथा आपके अन्दर भी बचपन से ही धर्म के प्रति विशेष आस्था एवं रूचि रही है। आपकी धर्म के प्रति आस्था एवं सत्य जानने की प्रबल इच्छा ने आपको वर्ष 1996 में ब्रह्माकुमारीज़ संस्था के करीब ले आई। ज्ञान प्राप्ति के पश्चात इस ज्ञान को अन्य तक पहुँचाने की भावना तथा विश्व में शान्ति व सद्भाव की स्थापना की भावना से प्रेरित होकर आपने अपने जीवन को ब्रह्माकुमारीज़ मुख्यालय के शान्तिवन परिसर में आजीवन समर्पित होकर सेवा करने का निर्णय लिया।

## प्रमुख कार्यक्रम एवं उपलब्धि :

- 2019 में ब्रह्माकुमारीज़ की ओर से पुरे राजस्थान के लिए चलाए गये म्हारो राजस्थान - समृद्ध राजस्थान अभियान में आपने समाज सेवा प्रभाग की सेवाओं की अगुवाई की। इस अभियान के तहत राजस्थान कई शहरों एवं गाँवों में राजयोग, स्वच्छता, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ, दहेज प्रथा, क्षेत्रवाद, तनावमुक्त जीवन शैली, बाल विवाह आदि विषयों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम के तहत लाखों लोग लाभान्वित हुए।

- इस के साथ ही मेरा भारत - स्वर्णिम भारत, हरित भारत - स्वच्छ भारत, आजादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर, स्वर्णिम समाज की ओर, सुखी जीवन - स्वस्थ समाज आदि अभियान के तहत भारत एवं नेपाल में कई कार्यक्रम आयोजित किए गये जिसमें भी आपकी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सम्पर्क सूत्र :


+91 7014 986 262

socialwing@bkivv.org

Brahmakumaris, Shantivan,
Abu Road, Rajasthan, 307510

www.socialwing.bk.ooo


## शैक्षिक योग्यता :

Intermediate
1990 - 1992
Intermediate of Arts

## विशेष उपलब्धियाँ :

- मुख्यालय के किसी भी कैम्पस में होने वाले प्रभाग के कार्यक्रम जैसे कि भट्ठी, मीटिंग, सेमिनार एवं किसी प्रकार के अन्य सम्मेलनों में आपकी विशेष भूमिका होती है।
- शान्विन के कार्यक्रमों में आने वाले हजारों भाई-बहनों को आबू-दर्शन एवं अन्य दर्शनीय स्थलों के लिए आप लोकल टैक्सी यूनियन के सहयोग से नि:स्वार्थ वाहन उपलब्ध कराते हैं।
- आप समाज सेवा में अपनी भूमिका को निभाते हुए अबतक लगभग 46 बार रक्तदान कर चुके हैं।
- आपने भारत एवं नेपाल के कई राज्यों के विद्यालयों-महाविद्यालयों में बच्चों की बीच समाज सेवा प्रभाग के तहत कई कार्यक्रम कराई हैं। वृक्षारोपण के कार्यक्रम रख पर्यावरण संरक्षण में भी आप महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहते हैं। कार्यक्रम के तहत आप व्यसनमुक्त जीवनशैली पर भी जोर देते हैं।